सत्यमेव जयते

वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2013-2014

तटीय जलकृषि प्राधिकरण
(भारत सरकार)
COASTAL AQUACULTURE AUTHORITY
(Government of India)
दूसरी मंजिल, शास्त्री भवन एनेक्सी
2nd Floor, Shastri Bhavan Annexe
26, हडोस रोड़, चेन्नै – 600 006, भारत
26, Haddows Road, Chennai - 600 006, India
दूरभाष / Tel.: +91 44 2823 4683, फैक्स / Fax : +91 44 2821 6552
ई–मेल / E-mail : aquaauth@vsnl.net वेबसाइट/ website: www.caa.gov.in

तटीय जलकृषि प्राधिकरण
Coastal Aquaculture Authority

05.09.2013 13

सत्यमेव जयते

वार्षिक प्रतिवेदन 2013-14

तटीय जलकृषि प्राधिकरण

तटीय जलकृषि प्राधिकरण
COASTAL AQUACULTURE AUTHORITY

भारत सरकार, कृषि मंत्रालय
दूसरी मंजिल, शास्त्री भवन एनेक्सी
चैन्नै– 600006, तमिल नाडु
दूरभाषा : 91-44-28213785, 28216552
फैक्स : 044-28216552
ई–मेल : aquaauth@vsnl.net वेबसाइट : www.caa.gov.in

प्रकाशक
अध्यक्ष
तटीय जलकृषि प्राधिकरण

संकलन तथा संपादन
पी. रविचन्द्रन
एस. मणि
जी. डी. चन्द्रपाल
डी. विन्सेंट

मुद्रक
ऐकोण प्रिनट सोल्यूषन

Published by
Chairman
Coastal Aquaculture Authority

Compilation & Editing
P. Ravichandran
S. Mani
G. D. Chandrapal
D. Vincent

Printed by
Ikon Print Solutions

विषय वस्तु

क्र.सं.	विषय	पृष्ठ संख्या
	प्राक्कथन	v
I.	प्राधिकरण की संरचना, प्रचालनात्मक लक्ष्य और उद्देश्य	1
	वर्ष 2013-2014 के दौरान प्राधिकरण की संरचना	1
	प्राधिकरण के लक्ष्य तथा उद्देश्य	2
	प्राधिकरण की शक्तियां तथा कार्य	2
	एसपीएफ लिटोपिनस वेन्नामई पालन का भारत में विनियमन	4
II.	लक्ष्य तथा कार्य निष्पादन	5
	वार्षिक लक्ष्य	5
	निष्पादन की संक्षित समीक्षा	6
III.	क. कार्यकलाप व उपलबधियां	7
	प्राधिकरण की बैठक और प्राधिकरण द्वारा समितियों का गठन	7
	झींगा फार्मों का पंजीकरण	10
	झींगा फार्मों के पंजीकरण का नवीनीकरण	13
	सीएए द्वारा अक्वाफार्मों के पंजीकरण/नवीकरण को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयास	17
	ख. एसपीएफ लिटोपेनियस वेन्नामई पालन	18
	एसपीएस एल. वेन्नामई ब्रूड स्टॉक आपूर्तिकर्ताओं का चयन	18
	वर्ष 2013-14 में एसपीएफ एल. वेन्नामई ब्रूड स्टॉक का आयात और बीज उत्पादन	19
	वर्ष 2013-14 के लिए एसपीएफ एल. वेन्नामई हैचरियों का राज्यवार निष्पादन	22
	अनाधिकृत एल. वेन्नामई बीज उत्पादन के विरूद्ध की गई कार्रवाई	27
	एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन के लिए झींगा फार्मों की अनुमति	28
	एल. वेन्नामई पालन का राज्य वार निष्पादन	35
	एल. वेन्नामई पालन के लिए गैर–अनुमोदित फार्मों के विरूद्ध की गई कार्रवाई	38
	एसपीएफ एल. वेन्नामई का उत्पागदन	39
	एल. वेन्नामई हैचरीज/फार्मों की निगरानी	40
IV.	जल गुणवत्ता निगरानी प्रयोगशाला	43
V.	वेबसाइट का अद्यतन	43
VI.	सीएए अधिनियम, नियमों, दिशा–निर्देशों और विनियमनों के संग्रह का अद्यतित संस्करण	44
VII.	सीएए के लिए क्षेत्रीय केन्द्रों और अतिरिक्त पदों के सृजन हेतु प्रस्ताव	44
VIII.	चेन्नै में सीएए मुख्यालय की स्थापना	44
IX.	सीएए द्वारा हिन्दी शिक्षण योजनाओं के आयोजन	45
X.	सीएए के अतिरिक्त कार्यकलाप	45
XI.	वर्ष 2014-15 के दौरान किए जाने वाले संभावित कार्यकलाप	49
XII.	वर्ष 2013-14 क वित्त	50
XIII.	स्टाफ और प्राधिकरण की मौजूदा संगठनात्मक रचना	51
XIV.	भर्ती/सेवा निवृत्ति/वापस भेजना	52
XV.	सूचना का अधिकार अधिनियम	52
अनुबंध:	वर्ष 2013-14 के लिए वार्षिक लेखें और भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की अलग लेखा परीक्षा रिपोर्ट	53
	तुलन पत्र	54
	आय एवं व्यय खाते	55
	प्राप्रियां एवं और भुगतान खाते	56-57
	तुलन पत्र अनुसूचियां (1-6)	58-62
	आय एवं व्यय अनुसूचियां (7-13)	63-64
	लेखाकारण नीतियां (अनुसूची-14)	66
	आकस्मिसक देयताएं और लेखाओं के संबंध में टिप्पणियां (अनुसूची-15)	69
	भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की पृथक लेखा परीक्षा रिपोट	70

CONTENTS

Sl. No.	Subject	Page No.
	Preface	79
I.	Composition, Operational Goals and Objectives of the Authority	81
	Composition of the Authority during 2013-14	81
	Aims and Objectives of the Authority	82
	Powers and Functions of the Authority	83
	Regulation of SPF *Litopenaeus vannamei* culture in India	85
II.	Targets and Performance	86
	Annual Targets	86
	Brief review of Actual Performance	87
III.	A. Activities and Achievements	88
	Meetings of the Authority and Committees Constituted by the Authority	88
	Registration of Shrimp Farms	92
	Renewal of Registrations of Shrimp Farms	95
	Efforts taken by CAA to Promote Registration / Renewal of Aquafarms	99
	B. SPF *Litopenacus vannamei* Farming	100
	Selection of SPF. *L. vannamei* Brooodstock Suppliers	100
	Import of SPF *L. vannamei* broodstock and seed production during the year	101
	State-wise performance of SPF *L. vannamei* Hatcheries during the year	104
	Action taken against unauthorized *L. vannamei* seed production	109
	Permission to shrimp farms to culture SPF *L. vannamei*	110
	State-wise performance of *L. vannamei* farming	117
	Action taken against the unapproved farms for *L. vannamei* culture	120
	Production of SPF *L. vannamei*	121
	Monitoring of *L. vannamei* hatcheries and farms	122
IV.	Water Quality Monitoring Laboratory	125
V.	Website updation	125
VI.	Updated version of the Compendium of CAA Act, Rules, Guidelines and Regulations	126
VII.	Proposal for Creation of Regional Centres and Additional Posts for CAA	126
VIII.	Setting up of CAA Headquarters at Chennai	126
IX.	Implementation of Offical Language (Hindi) in CAA	127
X.	Outreach Activities of CAA	127
XI.	Activities likely to be taken up during 2014-15	131
XII.	Finance during the Financial Year 2013-14	132
XIII.	Staff and Existing Organizational Structure of the Authority	133
XIV.	Recruitment / Retirement / Repatriation	134
XV.	Right to Information Act	134
Annexure : Annual Accounts of CAA and Separate Audit Report of the C&AG for the year 2013-14		135
	Balance Sheet	136
	Income and Expenditure Account	137
	Receipts and Payments	138-139
	Schedules forming part of Balance Sheet (1-6)	140-144
	Schedules forming part of Income and Expenditure (7-13)	145-146
	Accounting Policies (Sehedule 14)	148
	Contingent Liabilities and Notes on Accounts (Sehedule 15)	151
	Spearate Audit Report of the C&AG of India	152

न्यायमूर्ति के. रविराजा पान्डियन
अध्यक्ष
Justice K. Raviraja Pandian
Chairperson

सत्यमेव जयते

तटीय जलकृषि प्राधिकरण
भारत सरकार कृषि मत्रांलय
शास्त्री भवन अनेक्स दूसरी मंजिल
सं. 26, हडोस रोड, चैन्नै–600 006.
तमिलनाडु, भारत.
COASTAL AQUACULTURE AUTHORITY
Government of India, Ministry of Agriculture
Shastri Bhavan Annexe, 2nd Floor,
No.26, Haddows Road, Chennai - 600 006.
Tamilnadu, INDIA.

प्राक्कथन

तटीय जलकृषि, जिसमें समग्र रूप से भूमि आधारित और समुद्र आधारित खारी और समुद्री जलकृशि शामिल है, का अन्य अनुशंगी उद्योगों और साथ ही घरेलू तथा अंतर्राश्ट्रीय व्यापारको बढ़ावा देने के अलावा तटीय अर्थव्यवस्था, तटीय आबादी को जीविका उपलब्ध करवाने, ग्रामीण आबादी को रोजगार प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान है। आमतौर परजलकृशि और खासतौर पर झींगा कृशि ने पूर्व में उत्पादन, व्यापार संबंधी प्रतिबंधों, पूंजीकरण और तटीय क्षेत्रों मेंपर्यावरण संबंधी चिंताओं से जुड़ी अनेक विकास संबंधी समस्याओं का सामना किया है। अभी भी, वैश्विक खाद्य उत्पादन क्षेत्र, संसाधनों के प्रबंधन और तटीय क्षेत्रों में सामाजिक–आर्थिक प्रभाव में इसके योगदान को अब पूरी तरह समझा जाता है और सभी के द्वारा सराहा जाता है। हाल ही में तटीय जलकृषि के विकास को एक जिम्मेदाराना, सतत रूप से चलने वाले और पारिस्थितिकी के अनुकूल कार्य बनाने के क्रम में अनेक विशिष्ट उपलबधियां हासिल की गईहैं।

तटीय जलकृशि प्राधिकरण की स्थापना संसद के एक अधिनियम अर्थात् तटीय जलकृषि प्राधिकरण अधिनियम, 2005 के द्वारा की गई थी और यह अधिसूचित क्षेत्रों अर्थात् उच्च ज्वार रेखा से 2 कि.मी. तक के क्षेत्रों में तटीय जलकृषि के सतत, विनियमित विकास को बढ़ावा देने के लिए जिम्मेदार है। प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य तटीय पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बगैर उपयुक्त विनियामक उपायों के जरिए सतत विकास को बढ़ावा देना है। इसमें तटीय क्षेत्रों में जलकृशि फार्मो के निर्माण और प्रचालन, तटीय क्षेत्रों में सभी हैचरियों के पंजीकरण के लिए विनियम, विभिन्न कार्यकलापों के लिए जारी दिशा–निर्देशों की अनुपालना का पता लगाने के लिए इन सुविधाओं का निरीक्षण, प्रदूषण फैलाने वाली ऐसी कंपनियों को समाप्त करना और ध्वस्त करना, तटीय जलकृषि में प्रयुक्त होने वाले आदानों के लिए मानक निर्धारित करना और प्रचालनों की निगरानी करना आदि शामिल हैं।

हमारे समुद्री भोजन के निर्यात में झींगा प्रमुख रही है, इसमें फिनफिश, सीपियों और केकड़ों आदि का भी कुछ योगदान है। झींगा क्षेत्र में पूर्व में बार–बार बीमारी की समस्याएं रही हैं जिसके कारण उत्पादन और व्यापार में अचानक गिरावट आई है और वैकलपिक प्रजातियां तलाश करने की जरूरत महसूस की गई है। मोहक सफेद झींगा एसपीएफ लिटोपेनज वेन्नामई शुरू करने से देश में झींगा कृषि क्षेत्र का भविष्य बनाने में मदद मिली है और इसका असर झींगा क्षेत्र की समग्र उत्पादकता और साथ ही भारत से झींगा के निर्यात पर भी पड़ रहा है।

देश में तटीय जलकृषि विकास की मदद करने में सांविधिक विनियमन प्रबंधन के महत्वपूर्ण घटक हैं जिनसे पर्यावरण की गुणवत्ता बनाए रखना, पर्यावरण के नकारात्मक प्रभावों को कम करना और तटीय संसाधनों के लिए इनका ईष्टतम उपयोग सुनिशचित होता है। उपर्युक्त मुद्दों के संबंध में सीएए द्वारा किए गए विभिन्न उपाय इस संगठन की वार्षिक रिपोर्ट में विस्तार पूर्वक बताए गए हैं।

प्राधिकरण ने अनेक जागरूकरता कार्यक्रमों और हैचरी प्रचालकों और किसानों के साथ इन हाउस बैठकों के जरिए पणधारकों के बीच अनुभवों के आदान–प्रदान और उनकी समस्याओं के समाधान में मदद की है।

प्राधिकरण देश में तटीय जलकृषि के क्षेत्र में विगत वर्षों में स्पष्ट रूप से प्रगति करता रहा है। तटीय जलकृषि में सामाजिक, आर्थिक और जैविक मसलों से संबंधित विभिन्न गतिविधियां शामिल हैं। इस प्रकार, सतत् विकास के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अनुकुलतम लाभ लेने हेतु समनवित प्रबंधन और विनियमन महत्वपूर्ण है। तटीय जलकृषि प्राधिकरण द्वारा शुरू किए गए विभिन्न कार्यक्रमों में इस क्षेत्र द्वारा सामना की जा रही अनेक समस्याओं की ओर ध्यान दिया गया है, जैसा कि इस संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट से देखा जा सकता है। तटीय जलकृषि क्षेत्र के पणधारकों द्वारा जैव सुरक्षा और विनियमित विकास की संकल्पना को तटीय जलकृषि प्राधिकरण द्वारा उठाए गए विभिन्न विनियामकउपायों द्वारा हासिल किया जा रहा है। किसानों को तटीय जलकृषि प्राधिकरण द्वारा आयोजित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से इन पहलुओं की जानकारी दी जाती है और कार्यशालाओं में उनकी सक्रिय भागीदारी तथा समीक्षाधीन अवधि के दौरान देश के विभिन्न भागों में आयोजित समुद्री खाद्यान मेलों के माध्यम से भी उन्हें अवगत कराया जाता है। झींगा जलकृषि के अलावा, इस क्षेत्र को खारा जल प्रजातियों के फिनफिश पालन में भी विविधता की आवश्यकता है, जिससे हमारे व्यापक संसाधनों के समग्र उपयोग में मदद मिलेगी और आगे चलकर देश के तटीय क्षेत्रों में उत्पादन और आर्थिक विकास में सुधार होगा। तटीय जलकृषि गतिविधियों को विकसित और विनियमित करने में आवश्यक घटकों के रूप में बेहतर जलकृषि प्रणालियों को शुरू करने के अलावा, भविष्य में रोग निगरानी और प्रबंधन को भी सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता है।

समुद्री खाद्यान व्यापार में बदलते हुए परिदृश्य को देखते हुए, जहां उपभोक्ता समुद्री खाद्यान संसाधनों का दोहन करने में अपनाई जा रही खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता प्रणालियों के प्रति अधिक सजग हो रहे हैं, हमें भविष्य में इन महत्वपूर्ण मसलों की ओर भी ध्यान देना होगा जिसमें तटीय जलकृषि प्राधिकरण की भूमिका महत्वपूर्ण होगी जिससे बेहतर भविष्य के लिए विभिन्न विनियामक उपायों के अनुपालन का सुनिश्चय किया जा सकेगा।

मैं, देश में तटीय जलकृषि के सतत विकास के लिए हमारे लक्ष्य हासिल करने में लगातार दिए गए समर्थन के लिए भारत सरकार (कृषि मंत्रालय) का आभार व्यक्त करता हूँ। मैं प्राधिकरण के सुचारू रूप से कार्यकरण में अपने जबर्दस्त सहयोग के लिए प्राधिकरण के सभी सदस्यों और तटीय राज्यों को भी धन्यवाद देना चाहता हूँ।

के. रविराजा पान्डियन

न्यायमूर्ति के. रविराजा पान्डियन
अध्यक्ष

I. प्राधिकरण की संरचना, प्रचालनात्मक लक्ष्य और उद्देश्य

तटीय जल कृषि प्राधिकरण अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के तहत अपनी स्थापना के समय से ही तटीय जल कृषि प्राधिकरण (सीएए) ने पिछले 8 वर्षों में विभिन्न विनियनामक उपायों को कार्यान्वित करके एक दीर्घकालिक और पारिस्थितिकी के अनुकूल दृष्टिकोण अपनाते हुए देश में झींगा क्षेत्र के विकास में काफी योगदान किया है। सीएए का मुख्य उद्देश्य 'तटीय क्षेत्र', अर्थात् समुद्रों, नदियों, संकरी खाड़ियों और अप्रवाही जल की हाई टाइड लान (एचटीएल) से दो किमी. की दूरी के भीतर की भूमि के क्षेत्र में तटीय जल कृषि के विनियमित विकास को बढ़ावा देना है। इस प्रक्रिया में सीएए यह सुनिश्चित करने की कोशिश भी करता है कि सभी के द्वारा उत्तरदायी तटीय जल कृषि की अवधारणा का अनुपालन किया जाए।

1. वर्ष 2013-2014 के दौरान प्राधिकरण की संरचना

(i)	**जस्टिस के. रविराजा पान्डियन** (दिनांक 20-05-2013 से उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश)	...	अध्यक्ष
(ii)	**डॉ. पी. रविचन्द्रन** प्रधान वैज्ञानिक, केन्द्रीय खारा जल जलकृषि संस्थान, चेन्नै (तटीय जलकृषि के क्षेत्र में विशेषज्ञ)	...	सदस्य
(iii)	**डॉ. आर. किरुभागरन** वैज्ञानिक 'एफ' 'राष्ट्रीय महासागरीय प्रौद्योगिकी संस्थान, चेन्नै (तटीय पारिस्थितिकी के क्षेत्र में विशेषज्ञ) (पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार के प्रतिनिधि)	...	सदस्य
(iv)	**डॉ. सुश्री मंजू रैना** निदेशक (सी.पी. प्रभाग) पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार (पर्यावरण संरक्षण/प्रदूषण के क्षेत्र में विशेषज्ञ)	...	सदस्य
(v)	**डॉ. राजशेखर वुंद्रू, आई.ए.एस.** संयुक्त सचिव (मात्स्यिकी), पशुपालन, डेरी तथा मत्स्यपालन विभाग, (कृषि मंत्रालय, भारत सरकार के प्रतिनिधि) **श्री तरूण श्रीधर, आई.ए.एस.** संयुक्त सचिव (मात्स्यिकी) अप्रैल, 2013 तक	...	सदस्य
(vi)	**सुश्री लीना नायर, आई.ए.एस.** अध्यक्ष, समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार के प्रतिनिधि) **श्री असित कुमार त्रिपाठी, आई.ए.एस.** संयुक्त सचिव, वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार, मई, 2013 तक	...	सदस्य
(vii)	**डॉ. डी.एच. ब्रम्हभट्ट, आई.ए.एस.** आयुक्त एवं सचिव, (मात्स्यिकी और पशु संसाधन विभाग) गुजरात सरकार, (गुजरात राज्य के प्रतिनिधि)	...	सदस्य
(viii)	**श्री के. प्रवीण कुमार, आई.ए.एस.** मात्स्यिकी आयुक्त, आंध्र प्रदेश सरकार (आंध्र प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि)	...	सदस्य

(ix) **श्री सईद अहमद बाबा, आई.ए.एस.**
प्रधान सचिव (मात्स्यिकी)
मात्स्यिकी, जलकृषि, जलीय संसाधन और मात्स्यिकी पत्तन विभाग,
पश्चिम बंगाल सरकार, कोलकाता (पश्चिम बंगाल राज्य के प्रतिनिधि)
श्री सुबेश कुमार दास, आई.ए.एस.
अपर मुख्य सचिव, पश्चिम बंगाल सरकार, जनवरी, 2014 तक ... सदस्य

(x) **डॉ. एस. विजय कुमार, आई.ए.एस.**
सचिव (मात्स्यिकी), तमिलनाडु सरकार,
पशुपालन, डेरी और मात्स्यिकी विभाग, चेन्नै
(तमिलनाडु के प्रतिनिधि)
श्री गगनदीप सिंह बेदी, आई.ए.एस.
सचिव (मात्स्यिकी, तमिलनाडु सरकार, मई, 2013 तक ... सदस्य

(xi) **डॉ. आर. पाल राज**
(केन्द्रसरकार द्वारा नियुक्त सदस्य) ... सदस्य सचिव

2. प्राधिकरण के लक्ष्य तथा उद्देश्य

प्राधिकरण के लक्ष्य एवं उद्देश्य केन्द्र सरकार द्वारा 'तटवर्ती क्षेत्रों के रूप में' अधिसूचित क्षेत्रों से तटीय जलकृषि गतिविधियों को तथा इससे संबंधित सभी मामलों को विनियमित करना है। प्राधिकरण को तटवर्ती क्षेत्रों में जलकृषि फार्मों के निर्माण और संचालन के लिए विनियमन बनाने और फार्मों तथा हेचरियों के पर्यावरणीय प्रभाव का आंकलन करने के लिए लिटोपेनज वेन्नामई हेतु फार्मों तथा हैचरियों का निरीक्षण करने, जलकृषि फार्मों और हेचरियों का पंजीकरण करने, प्रदूषण फैलाने वाले तटवर्ती जलकृषि फार्मों को हटाने अथवा नष्ट करने तथा तटीय जलकृषि में सभी तटीय जलकृषि आगतों जैसे बीज, बीजवृद्धि उपकरण, तटीय जलकृषि में प्रयुक्त रसायनों आदि के लिए मानकों को तय करने की शक्ति दी गई है।

3. प्राधिकरण की शक्तियां तथा कार्य

प्राधिकरण की शक्तियां तथा कार्य सीएए अधिनियम, 2005 के चौथे अध्याय तथा इसके तहत बनाए गए नियम एवं 2008 में अधिसूचित तटीय जलकृषि प्राधिकरण द्वारा बनाए गए विनियमों में विनिर्दिश्ट है। सीएए अन्य बातों के साथ-साथ तटीय जलकृषि क्षेत्र के सुव्यवस्थित तथा सतत विकास के लिए विनियम बनाता है ताकि गतिविधि में संलग्न विभिन्न अंशधारकों के सामाजिक-आर्थिक लाभ के लिए पर्यावरण अनुकूल तथा समाज स्वीकृत तटीय जलकृषि की ओर उन्मुख हुआ जा सके।

तटीय जलकृषि प्राधिकरण का प्रमुख दायित्व देश में अधिसूचित क्षेत्रों के भीतर बीज उत्पादन और एल. वेन्नामई के फार्मों में शामिल अथवा शामिल होने जा रहे सभी प्रकार के तटीय खारा और लवणीय जल जलकृषि फार्मों और हेचरियों का पंजीकरण सुनिशचित करना है। यह एक सतत प्रक्रिया है। सभी पात्र जलकृषि फार्मों का पंजीकरण करने के लिए प्राधिकरण द्वारा कई उपाय आरंभ किए गए हैं। इसमें तटीय राज्यों के साथ इस मुद्दे पर बातचीत करना, जागरूकता शिविरों का आयोजन और समाचारपत्रों के जरिए प्रचार आदि शामिल हैं। तटीय क्षेत्रों में जलकृषि करने वाले सभी व्यक्तियों के लिए यह अनिवार्य है कि वे तटीय जलकृषि प्राधिकरण अधिनियम और नियम में निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार अपने फार्म का तटीय जलकृषि प्राधिकरण में पंजीकरण कराएं। पंजीकरण पांच वर्षों की अवधि के लिए किए जाते हैं जो आगे समय-समय पर नवीनीकृत किए जा सकते हैं। भविष्य में तटीय जलकृषि गतिविधियों

को ध्यान में रखते हुए पंजीकरण प्रक्रियाओं को नए फार्मों के लिए तथा मरम्मत किए जाने वाले पुराने फार्मों के लिए जारी रखा जाएगा।

तटीय विनियम जोन के भीतर हाई टाइड लाइन और खाडियों में नदियों तथा पश्च जल से 200 मीटर के भीतर जलकृषि की अनुमति नहीं है। तथापि, यह शर्त तटीय जलकृषि प्राधिकरण अधिनियम, 2005 के विधिकरण से पहले स्थापित मौजूदा फार्मों तथा सरकार अथवा सरकार के किसी भी अनुसंधान संस्थान द्वारा संचालित गैर–वाणिजयिक तथा प्रयोगात्मक जलकृषि फार्मों पर लागू नहीं है। यद्यपि ऐसे सभी फार्म तटीय जलकृषि प्राधिकरण के पास पंजीकृत होने चाहिए। ऐसे प्राधिकरण के बिना किसी व्यक्ति द्वारा तटीय जलकृषि करने पर उसे अधिनियम के अनुच्छेद 14 में यथा–निर्धारित कारावास का दंड जिसे तीन वर्ष की अवधि तक बढ़ाया जा सकता है, या जुर्माना अदा करना पड़ेगा जिसे एक लाख रूपए तक बढ़ाया जा सकता है या दोनों दंड भुगतने पड़ेंगे।

तटीय जलकृषि प्राधिकरण की सभी मामलों में सहायता, संबंधित तटीय जलकृषि फार्मों के पंजीकरण में, राज्य स्तरीय समितियों (एसएलसी) एवं जिला स्तरीय समितियों द्वारा की जाती है। 2 हेक्टेयर जल प्रभावित क्षेत्र वाले फार्मों के मामले में, डीएलसी मानकों की अनुपालना के बारे में संतुष्ट होने पर पंजीकरण हेतु विचार करने के लिए सीएए को सीधे आवेदनों की सिफारिश करेंगे: और 2 हेक्टेयर जल प्रभावित क्षेत्र से बड़े फार्मों के मामले में, डीएलसी मानकों के सत्यापन की पुष्टि करने के लिए फार्मों का निरीक्षण करेंगे और एसएलसी को आवेदनों की सिफारिश करेंगे, जो संतुष्ट होने पर, पंजीकरण के लिए सीएए को इनकी सिफारिश करेंगे।

पशुपालन, डेरी तथा मत्स्यपालन विभाग (डीएएचडी एंड एफ), भारत सरकार ने दिनांक 15 अक्तूबर, 2008 की अधिसूचना द्वारा लाइवस्टॉक इंपोर्टेशन एक्ट, 1898 के तहत और दिनांक 30 अप्रैल, 2009 की एक अन्य अधिसूचना के जरिए तटीय जलकृषि प्राधिकरण (संशोधन) नियम, 2009 के तहत तटीय जलकृषि प्राधिकरण को आकर्षक झींगा अर्थात एल. वेन्नामई की वाणिज्यिक शुरूआत को विनियमित करने का कार्य सौंपा गया है जिसमें जैव सुरक्षा सुविधाओं के उपयुक्तत: निरीक्षण, योग्य फार्मों को एल. वेन्नामई कृषि के लिए विशेष अनुमोदन जारी करने से पिले सीएए के अधीन एक निरीक्षण दल द्वारा फार्मों का निरीक्षण और प्रजाति के अनधिकृत प्रजनन और कृषि को राकने के लिए कार्यक्रमों की निगरानी आदि शामिल हैं। यह कार्य सतत रूप से चलने वाला कार्य है और इसके लिए तटीय राज्यों, एनएफडीबी, एमपीईडीए के साथ बेहतर समन्वय अपेक्षित है। आकर्षक प्रजाति होने के कारण एल. वेन्नामई की आकर्षक रोगाणु के तौर पर शुरूआत, जैव सुरक्षा पर प्रभाव और सामाजिक–आर्थिक प्रभावों को रोकने के लिए इसे उपयुक्तत: विनियमित किए जानेकी आवश्यकता है।

सीएए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सीएए द्वारा पूरे किए जाने वाले प्रमुख कार्य निम्नलिखित हैं:

- यह सुनिश्चित करना कि तटवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले तटवर्ती समुदाय की आजीविका को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से कृषि भूमि, लवण पटल जमीन, कच्छीय वन, नम जमीन, वन भूमि, गांव की आम प्रयोजन की भूमि तथा सार्वजनिक प्रयोजन की भूमि और राष्ट्रीय उद्यानों तथा मृग वनों को जलकृषि फार्मों में परिवर्तित न किया जाए;
- पारिस्थिकीय अनुकूल विकास हासिल करने के लिए उचित कार्यनीति तैयार करने के लिए देश के समूचे तटीय क्षेत्र का सर्वेक्षण करना जिसमें सैटेलाइट इमेजरीज, जीआईएस, हाइड्रोग्राफिक मैप्स के जरिए सूचनाओं का समेकन तथा दीर्घकालिक तटीय जलकृषि हेतु भावी स्थलों का मानचित्रण करने के लिए संबंधित राज्यों की तटीय प्रबंधन योजनाओं के साथ एकीकरण और समन्वय शामिल है।

- सामान्य अवसंरचना लाइन, सामान्य जल अंतर्ग्रहण, निकासी नहर एवं सार्वजनिक बहिस्राव उपचार प्रणाली के निर्माण के लिए राज्य/संघ क्षेत्र सरकारों को सलाह एवं समर्थन देना;
- बीज, आहार, वृद्धि संवर्धकों तथा जल निकायों एवं पाले गए जीवों एवं अन्य जलजीव के रखरखाव के लिए प्रयुक्त रसायनों के लिए मानक निर्धारित करना;
- पर्यावरण संरक्षण से संबंधित अध्ययनों/योजनाओं को आरम्भ करना या अन्वेषणों को प्रायोजित करना और पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन;
- तटीय जलकृषि से संबंधित आंकड़ों एवं अन्य वैज्ञानिक तथा सामाजिक–आर्थिक सूचना एकत्रित एवं वितरित करना। इसमें झींगा फार्मों के पंजीकरण से संबंधित डाटाबेस को सुदृढ़ करना, संगठन की वैबसाट को अद्यतन बनाना शामिल है।
- तटीय जलकृषि के सतत विकास एवं तटीय जलकृषि के क्रियाकलापों से संबंधित सामग्री तैयार करना;
- तटीय संसाधनों के दीर्घकालिक उपयोग तथा न्याय संगत एवं उचित हिस्सेदारी के संबंध में जागरूकता अभियान चला कर प्रचार करना तथा कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना;
- प्रचालनात्मक समस्याओं के संबंध में विभिन्न तकनीकी समितियां, उप–समितियां, कार्य दल आदि गठित करना;
- तटीय पर्यावरणीय पर होने वाले प्रभावों को कम से कम करने के लिए आवश्यक परिवर्तन लाने के लिए फार्म के मालिकों को निर्देश देना;
- सततता को सुनिश्चित करने के लिए; या पर्यावरणीय सततता को बनाए रखने के हित में एवं तटीय पर्यावरण के हित में आजीविका के संरक्षण के लिए मौसमी बंदी का आदेश देना;
- अनधिकृत बीज उत्पादन, कृषि कार्यकलापों और सीएए दिशा–निर्देशों के तहत बताई गई शर्तों के उल्लंघन के संबंध में कार्रवाई करना।
- विभिन्न स्थानों पर विभिन्न संगठनों द्वारा आयोजित मात्स्यिकी संबंधी प्रदर्शनियों में भागीदारी।
- तटीय राज्यों के मात्स्यिकी अधिकारियों के साथ स्वच्छता कार्यशालाएं आयोजित करके जिम्मेदाराना जलकृषि पद्धतियों के लिए जागरूकता लाना।
- तटीय जलकृषि से संबंधित मसलों को निपटाना जिनमें ऐसे मसले भी शामिल हैं जिन्हें केन्द्र सरकार को संदर्भित किया जाना है।
- समय–समय पर दिशा–निर्देशों में संशोधन करने के लिए सरकार को उचित सिफारिशें देना।

4. एसपीएफ लिटोपिनस वेन्नामई पालन का भारत में विनियमन

पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार द्वारा पशुधन आयात अधिनियम, 1898 (पशुधन आयात अधिनियम, 2001 द्वारा यथा संशोधित) के तहत जारी 15.10.2008 की अधिसूचना द्वारा तटीय जलकृषि प्राधिकरण को एसपीएफ एन. वेन्नामई के ब्रूड स्टॉक के आयात के लिए अनुमति देने के लिए प्राधिकृत किया गया है। राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी), केन्द्रीय खाराजल जलकृषि संस्थान (सीआईबीए) और समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) के परामर्श से तटीय जलकृषि प्राधिकरण द्वारा अनुवांशिकी आधार और रोग संबंधी स्थिति के आधार पर ब्रूड स्टॉक आपूर्तिकर्ता चुने गए थे। उक्त अधिसूचना में शामिल उक्त दिशा–निर्देश में संगरोध के लिए जैव सुरक्षा अपेक्षाए, आयात परमिट, प्रवेश के लिए बंदरगाह, पूर्व–सरहद संगरोध अपेक्षाएं, संक्रमणयुक्त प्रक्रिया इत्यादि का विवरण दिया गया है।

तटीय जलकृषि(संशोधन) नियम, 2009 से एल. वेन्नामई की शुरूवात करने के लिए हैचरियों और फार्मों को विनियंत्रित करने के लिए दिशा–निर्देश जारी किए गए थे। इन दिशा–निर्देशों में एल. वेन्नामई नस्ल के अनुप्रयोग के लिए मानक, तकनीकी आवश्यकताएं, एसपीएफ एल. वेन्नामई के उत्पादन और बिक्री के लिए प्रक्रिया शामिल है और फार्मों के अनुमोदन और प्रचालन के लिए मानक और विनयम विनिर्दिष्ट हैं।

हैचरी संचालकों और झींगा कृषकों के सुचारू प्रचालन के लिए, भारत सरकार ने वयस्क ब्रूड स्टॉक पालन के लिए 10 ग्राम तक एन. वेन्नामई के एसपीएफ बच्चों के आयात, अनुमति प्राप्त हैचरियों से नोपली की बिक्री, पर्याप्त सूखा काल के बाद एक प्रजाति से दूसरे प्रजाति में पालन को बदलने के लिए अनुमति प्रदान करते हुए मार्च, 2012 में अधिसूचना के तहत सीएए नियम, 2005 में और आगे संशोधन किया है। इस अधिसूचना से अप्राधिकृत बीज उत्पादन से निपटने की निरीक्षण प्रक्रिया और सीएए के टीम निरीक्षण द्वारा अप्राधिकृत स्टाक को नष्ट करने के जरिए एल. वेन्नामई पालन को भी सुदृढ़ किया गया।

तटीय जलकृषि प्राधिकरण एल. वेन्नामई पालन आरंभ करने के लिए हैचरियों एवं फार्मों को अनुमति प्रदान करने में इस उद्यम के सतत विकास के लिए संपूर्ण प्रचालन के निरीक्षण और मानिटरिंग में सावधानीपूर्वक अनुपालन कर रहा है।

II. लक्ष्य तथा कार्य निष्पादन

1. वार्षिक लक्ष्य

- क्रियान्वयन के लिए निर्णय लेने हेतु प्राधिकरण की प्रत्येक दो महीनों में कम से कम एक बैठक आयोजित करना।
- तटीय जल कृषि फार्मों का पंजीकरण तथा उनका नवीनीकरण एक सतत प्रक्रिया है जिसका न तो लक्ष्य निर्धारित किया जा सकता है और न ही परिणाम बताया जा सकता है। जिला स्तरीय समितियों (डीएलसी) और राज्य स्तरीय समितियों (एसएलसी) से प्राप्त सिफारिशों के आधार पर अगले एक वर्ष के दौरान अतिरिक्त 3,000 तटीय जलकृषि फार्मों को पंजीकृत किए जाने की संभावना।
- वर्ष 2013-14 के लिए लगभग 2,000 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र को कवर करने के लिए एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन का विस्तार जिसमें एक वर्ष में लगभग 20,000 मीट्रिक टन प्रत्याशित अतिरिक्त उत्पादन किया जाएगा।
- तकनीकी समिति द्वारा आवश्यकता और मौजूदा ब्रूडस्टॉक आपूर्तिकर्ताओं के निष्पादन की समीक्षा पर निर्भर करते हुए ब्रूडस्टॉक आपूर्तिकर्ताओं का चयन।
- ब्रूड स्टॉक के आयात और सीएए द्वारा अनुमोदित कृषकों को आपूर्ति करने के लिए एसपीएफ बीजों के उत्पादन हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए पर्याप्त जैव सुरक्षा सुविधाएं रखने वाले भावी हैचरी मालिकों के आवेदनों के संबध में कार्रवाई करना।
- बीज उत्पादन को बढ़ाने के लिए समीक्षा बैठकों की सिफारिशों के अनुसार तकनीकी समिति द्वारा एल. वेन्नामई के ब्रूड स्टॉक की आवश्यकता हैचरी क्षमता और एल. वेन्नामई पालन के लिए पालन क्षेत्र का पता लगाना।
- कृषकों से प्राप्त सभी आवेदन–पत्रों को प्रक्रम में लाना, जो पी. मोनोडान, एसपीएफ एल. वेन्नामई या किसी अन्य प्रजाति को अपने फार्म में अपेक्षित और उपयुक्त जैव सुरक्षा सुविधा और अपशिष्ट उपचार प्रणाली सृजित करते हुए पालन करना चाहते हैं और तत्पश्चात पंजीकरण तथा/या अनुमति प्रमाण–पत्र जारी करना।

- बीज उत्पादन और एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन के लिए प्राप्त आवेदनों की प्रक्रिया बिना किसी विलंब के आरंभ करना।
- इस प्रयोजन के लिए अन्य सुविधाओं के साथ–साथ जैव सुरक्षा अपेक्षाओं को सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण दल द्वारा हैचरियों और फार्मों का निरीक्षण करना।
- निरीक्षण दल द्वारा सिफारिश किए गए आवेदनों पर मंजूरी प्रदान करने के लिए प्राधिकरण द्वारा अपनी नियमित बैठक में विचार करना।
- हैचरियों और फार्मों की निगरानी सावधिक रूप से करना और अनुमोदन की शर्तों का उल्लंघन करने पर उपयुक्त कार्रवाई करना।
- तटीय जलकृषि प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित जल गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करने के लिए ईटीएस से निकलने वाले अपशिष्ट जल की गुणवत्ता नमूने प्राप्त करना एवं परीक्षण करना।
- पालकों को हैचरियों के पंजीकरण, एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन और क्रेब फार्मिंग तथा प्रतिबंधित दवाओं के मुद्दों और अन्य महत्वपूर्ण बातों के विषय में जागरूक बनाने के लिए जब कभी आवश्यक हो, तटवर्ती राज्यों में जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित करना।
- सतत कृषि प्रक्रियाओं को दर्शाते हुए तटीय जलकृषि से संबंधित कार्यशालाओं और प्रदर्शिनियों में भाग लेना।
- पणधारियों को वितरित करने के लिए जलकृषि की अच्छी प्रणाली पर ब्रॉशर/हैंडआउट तैयार करना।
- समीपवर्ती भूमि पर झींगा कृषि के प्रभावों से संबंधित मुकदमों का काम देखना।

2. निष्पादन की संक्षिप्त समीक्षा

- अप्रैल 2013 और मार्च 2014 के बीच प्राधिकरण की पांच बैठकें आयोजित की गई थीं। एसएलसी/डीएलसी से प्राप्त पंजीकरण के लिए 1,458 आवेदन–पत्रों पर अनुमोदित करने के लिए विचार किया गया था। प्राधिकरण में 1,329 आवेदनों को अनुमोदित किया और शेष को संशोधन के लिए डीएलसी/एसएलसी को वापस भेज दिया गया।
- सीएए द्वारा सभी 1,329 फार्मों को पंजीकरण प्रमाण–पत्र जारी किया।
- वर्ष के दौरान प्राधिकरण ने पंजीकरण के नवीकरण के लिए 362 आवेदनों पर विचार किया है और सभी 362 फार्मों को अनुमोदित कर दिया है। अनुमोदन के बाद सभी संबंधित मूल पंजीकृत प्रमाणपत्रों को अभ्यर्पित कर दिया गया और नवीकरण के संबंध में आवश्यक पृष्ठांकन के पश्चात् वापस कर दिया गया।
- निरीक्षण दल की रिपोर्ट के आधार पर 44 नई हैचरियों को निरीक्षण के बाद एसपीएफ एल. वेन्नामई के बीज उत्पादन के लिए अनुमति प्रदान कर दी गई थी और 2012-13 के दौरान 31-03-2014 तक सीएए द्वारा चयनित 9 ब्रूडस्टॉक आपूर्तिकर्ताओं से एसपीएफ एल. वेन्नामई ब्रूड स्टॉक आयात करने की अनुमति प्रदान की गई थी।
- एसपीएफ एल. वेन्नामई के पालन के लिए फार्मों से प्राप्त आवेदनों की जांच और निरीक्षण दल की रिपोर्ट के आधार पर 457.07 हेक्टेयर जल प्रभावित क्षेत्र सहित 105 फार्मों को अनुमोदित किया गया है जिनमें से 442.76 हेक्टेयर जल प्रभावित क्षेत्र सहित 101 फार्मों को वर्ष के दौरान एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन के लिए एलओपी जारी किए गए थे।
- वर्ष 2013-14 के दौरान आयात के लिए सीएए द्वारा कुल 70,208 जोड़े ब्रूड स्टॉक को अनुमोदित किया गया था।

- इस वर्ष के दौरान अनुमोदित हैचरियों द्वारा लगभग 5,044.75 मिलियन पोस्ट-लार्वा एसपीएफ एल. वेन्नामई का उत्पादन किया गया था जिसकी आपूर्ति पंजीकृत झींगा किसानों को कर दी गई।
- वर्ष के दौरान 4 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए थे जिनमें से 3 ऑल इंडिया श्रिम्प हैचरीज एसोसिएशन के साथ आंध्र प्रदेश के पूर्व और पश्चिम गोदावरी जिलों में थे तथा अन्य गुजरात के वलसार जिले में थे। कुल मिलाकर 750 जल किसानों, हैचरी प्रचालकों और राज्य मत्स्य पालन अधिकारियों ने इन कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।
- मार्च, 2014 तक सीएए अधिनियम, नियम, दिशा-निर्देशों, विनियमनों और अन्य संबंधित अधिसूचनाओं को शामिल करते हुए एक संग्रह को अद्यतन बनाकर द्विभाषी (हिन्दी और अंग्रेजी) प्रकाशित किया गया था ताकि सभी पणधारक सीएए के मौजूदा तटीय जलकृषि कानूनों और विनियामक उपायों, अधिसूचित विधियों, नियमों, दिशा-निर्देशों और विनियमनों का अनुपालन आसानी से कर सकें।

III. क. कार्यकलाप व उपलब्धियां

1. प्राधिकरण की बैठक और प्राधिकरण द्वारा समितियों का गठन

चालू वर्ष अर्थात् अप्रैल 2013 और मार्च 2014 के दौरान सीएए में विशिष्ट उद्देश्यों के लिए अन्य बैठकों के अलावा पांच नियमित बैठकें की। बैठकों व उनमें लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का संक्षिप्त ब्यौरा सारणी-1 में दर्शाया गया है। पंजीकरण के लिए दिए गए आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करने के अलावा प्राधिकरण ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे सीएए के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वाले अनुमति प्राप्त हैचरियों/फार्मों को कारण बताओ नोटिस का मुद्दा, बगैर अनुमोदन वाली हैचरियों के विरूद्ध कार्रवाई, हैचरियों के पंजीकरण की प्रक्रिया की समीक्षा और फार्मों और हैचरियों से निकलने वाले अपशिष्ट जल की निगरानी आदि पर विचार-विमर्श किया।

प्राधिकरण की हो रही बैठकें

तालिका 1 तटीय जलकृषि प्राधिकरण की बैठकें (अप्रैल 2013 से मार्च 2014)

बैठकें	तारीख और स्थान	बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय
एकतालीसवीं बैठक	21 जून, 2013, चेन्नै	• 472 झींगा फार्मों के पंजीकरण को अनुमोदन प्रदान किया। • 45 झींगा फार्मों के पंजीकरण के नवीकरण को अनुमोदित किया गया। • एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन के लिए 40 झींगा फार्मों (डब्ल्यू एसए– 218-71 हेक्टेयर) को अनुमति प्रदान की गई। • बिना अनुमोदन है फार्मों एवं हैचरियों से स्टॉक को नष्ट करने या निपटारा करने के तरीका ढूँढ़ने के लिए एक विशेषज्ञ समिति को बनाने का जरूर। • 8 हैचरियों को बंद करने का आदेश जारी करने का संकल्प। ये हैचरियां अनाधिकृत रूप से एल. वेन्नामई के बीज उत्पादन में संलग्न थी। • आंध्र प्रदेश के पन्नपुणी लक्ष्मीपुरम्, विदावलूर मंडल, नेल्लोर जिले में पंजीकरण के लिए अपने आवेदनों में झूठी सूचना देने के लिए 4 किसानों को जारी किए गए पंजीकरण को रद्द करने का संकल्प। • तरीय जलकुषि प्राधिकरण के वर्ष 2012-13 के वार्षिक लेखों का अनुमोदन।
बयालीसवीं बैठक	10 सिंतबर, 2013, चेन्नै	• 308 झींगा फार्मों के पंजीकरण को अनुमोदन प्रदान किया गया। • 203 झींगा फार्मों के पंजीकरण के नवीकरण को अनुमोदित किया गया। • एसपीएफ एल. वेन्नामई के पालन हेतु 8 झींगा फार्मों (डब्ल्यूएसए - 26.70 हेक्टेयर) को अनुमति प्रदान की गई। • मुख्यालय के लिए 4 अतिरिक्त पदों के सृजन और केन्द्र सरकार के विचारार्थ पर्याप्त औचित्य बताते हुए क्षेत्रीय केन्द्रों की स्थापना के प्रस्ताव पर जोर देने का संकल्प।
43वीं बैठक	12 नवंबर, 2013, चेन्नै	• 53 झींगा फार्मों के पंजीकरण का अनुमोदित किया गया। • 32 झींगा फार्मों के पंजीकरण के नवीकरण को अनुमोदित किया गया। • एसपीएफ एल. वेन्नामई के पालन के लिए 13 झींगा फार्मों (डब्ल्यूएसए-119.58 हेक्टेयर) को अनुमति प्रदान की गई। • वर्ष 2012-13 की वार्षिक रिपोर्ट को अनुमोदित किया गया। • एल. वेन्नामई फार्मों के ईटीएस से निकले जल में अनुषंगी जलकृषि शुरु करने की व्यवहार्यता पर विचार करने के लिए एक तकनीकी समिति गठित करने का संकल्प। • हैचरियों में एल. वेन्नामई के अवैध स्टाक को नष्ट करने की प्रक्रिया निर्धारित करने के लिए विशेषज्ञ समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट को अनुमोदित किया गया।

43वीं बैठक	12 नवंबर, 2013, चेन्नै	• सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों को शामिल करने के बाद सीएए के भर्ती नियमों में संशोधन के प्रस्ताव की सिफारिश करने और आगे की कार्रवाई के लिए डीएएचडीएंडएफ को भेजने का संकल्प। • यह संकल्प किया गया कि किसान पंजीकरण के लिए प्राधिकरण को डीएलसीज के जरिए फार्मों का वैध लीजडीड प्रस्तुत करें। • तमिलनाडु में एक हेचरी और आंध्रप्रदेश में 2 हेचरियों को भविष्य में सीएए नियमों और विनियमनों का कड़ाई से पालन करने की चेतावनी का नोटिस जारी करने का संकल्प। • मरक्कनम, तमिलनाडु में एक हैचरी को उन्हें जारी एलओपी के उल्लंघन के लिए चेतावनी पत्र भेजने का संकल्प। • संस्थाओं नामत: अब्दुल हलीम कालेज, वेल्लोर और कालेज आफ फिशरीज, तूतीकोरिन, तमिलनाडु और कालेज आफ फिशरीज, नेल्लोर, आंध्र प्रदेश को एल. वेन्नामई के संबंध में रोग संबंधी निगरानी की जांच के लिए फार्मों से नमूने एकत्र करने के लिए प्राधिकृत करने का अनुमोदन किया गया।
44वीं बैठक	27 दिसंबर, 2013, चेन्नै	• ईएमएस के संबंध में एमपीडीए द्वारा जारी दिनांक 21.11.2013 के कार्यालय आदेश के संबंध में कार्रवाई पर विचार-विमर्श। • सीएए अधिनियम, नियम के प्रावधानों की तुलना में एमपीईडीए के तहत आरजीसीए की TASPARC हेचरी के प्रचालन के मुद्दे पर विचार-विमर्श।
45वीं बैठक	27 फरवरी, 2014, चेन्नै	• 496 झींगा फार्मों के पंजीकरण का अनुमोदित किया गया। • 82 झींगा फार्मों के पंजीकरण के नवीकरण को अनुमोदित किया गया। • एसपीएफ एल. वेन्नामई के पालन के लिए 44 झींगा फार्मों (डब्ल्यूएसए - 92.08 हेक्टेयर) को अनुमति प्रदान की गई। • हैचरियों के पंजीकरण और बीज उत्पादन के लिए एसपीएफ एल. वेन्नामई ब्रूडस्टॉक का आयात करने की अनुमति के 44 प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया। • एक्वा फार्मों में प्रवेश को प्रतिबंधित करने के संबंध में सीएए द्वारा जारी सार्वजनिक सूचना को पृष्ठांकित करने का संकल्प और संबंधित राज्य सरकार की सहायता से सार्वजनिक सूचना को कार्यान्वित करने का भी निर्णय लिया गया। • आरजीसए के हैचरी के पंजीकरण हेतु आवेदन-पत्र को निरीक्षण दल द्वारा संस्तुत उत्पादन क्षमता और एल. वेन्नामई हैचरियों के पंजीकरण के लिए सीएए के मानकों के अनुसार इसे सीएए को पुन: प्रस्तुत करने के लिए वापस भेजने का संकल्प। • सीएए पंजीकरण के बगैर TASPARC हैचरी के प्रचालन के लिए आरजीसीए को आगे अनुमति जारी नहीं करने के लिए मंत्रालय से अनुरोध करने का संकल्प क्योंकि हैचरियों द्वारा किया जाने वाला कोई भी आयात सीएए नियम, 2005 के तहत यथा अधिसूचित एसपीएफ एल. वेन्नामई की शुरूवात के लिए हैचरियों और फार्मों के विनियमन हेतु दिशा-निर्देशों के प्रावधानों के अनुसार किया जाना चाहिए।

45वीं बैठक	27 फरवरी, 2014, चेन्नै	• सीएए की निरीक्षण समिति का पुनर्गठन करने के लिए संकल्प। • झींगा फार्मों के आवेदनों पर आनलाइन कार्रवाई करने पर विचार करने का निर्णय। • रोग निगरानी परियोजना की जांच के लिए झींगा फार्मों से नमूने एकत्रित करने हेतु एनवीएफजीआर, लखनऊ द्वारा अग्रेषित 24 संस्थाओं को इस शर्त के साथ अनुमोदन प्रदान करने का संकल्प कि कार्यक्षेत्र का कोई दोहराव नहीं होना चाहिए और एनवीएफजीआर यह सुनिश्चित करे कि संबंधित संस्थाएं उन्हें आबंटित क्षेत्रों में ही कार्य करें। • सरकारी अनुसंधान संस्थानों के पंजीकरण हेतु दिशा–निर्देशों के तहत परांगीपेटी में राज्य मत्स्यपालन फार्म के पंजीकरण हेतु सहायक निदेशक, मत्स्य पालन, परांगीपेटी, कुड्डालोर जिला, तमिलनाडु से प्राप्त प्रस्ताव का अनुमोदन। • सरकारी अनुसंधान संस्थाओं के पंजीकरण के लिए दिशा–निर्देशों के तहत सीएमएफआरआई, कोचीन से तमिलनाडु में स्थित उनके अनुसंधान सुविधाओं (सीएमएफआरआई का मंडापम क्षेत्रीय केन्द्र और कोवलम फील्ड लेबोरेटरी और मद्रास रीजनल सेंटर) और केरल (विझिंगजम एंड कालीकट रिसर्च सेंटर्स आफ सीएमएफआरआई और केवीके आफ सीएमएफआरआई, मरक्कल) के पंजीकरण हेतु प्राप्त प्रस्ताव का अनुमोदन। • निरीक्षण के बाद हैचरियों को एलओपी जारी करने और भविष्य में कार्योत्तर अनुमोदन के लिए बाद की बैठक का स्थान तय करने का संकल्प।

2. झींगा फार्मों का पंजीकरण

राज्य और जिला स्तरीय समितियों, जिन्हें इसी कार्य के लिए गठित किया गया है, उनकी सिफारिशों पर झींगा फार्मों का पंजीकरण कार्य सीएए द्वारा किया गया एक महत्वपूर्ण कार्य है।

- प्राधिकरण ने हर दो महीने में एक बार नियमित रूप हुई अपनी बैठक में झींगा फार्मों के पंजीकरण के लिए जिला स्तरीय समितियों और राज्य स्तरीय समितियों द्वारा संस्तुत किए गए आवेदनों पर विचार किया और मार्च, 2014 तक (सीएए के आरंभ होने से) में झींगा किसानों को 27,447 पंजीकरण प्रमाण–पत्र अनुमोदित किए गए तथा जारी किए।
- सभी 12 समुद्रतटीय राज्यों और केन्द्र शासित क्षेत्रों सभी समुद्रतटीय राज्यों में प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए पंजीकरण प्रमाण–पत्रों की कुल संख्या को दर्शाने वाला विवरण तालिका-2 में दिया गया है और प्राधिकरण द्वारा पंजीकृत राज्यवार और क्षेत्रवार फार्मों को दर्शाने वाला चार्ट भी चित्र 1 और चित्र 2 में दिया गया है।
- पंजीकृत फार्मों के ब्यौरे प्राधिकरण की वेबसाइट पर भी अंत्य प्रयोक्ताओं के लिए उपलब्ध हैं और इस वेबसाइट को आवधिक रूप से अद्यतन किया जा रहा है।

तालिका-2 45वीं बैठक (दिसंबर 2005 – मार्च 2014)
तक सीएए द्वारा जारी किए गए पंजीकरण प्रमाण पत्रों के ब्यौरे

क्र.सं.	राज्यों के नाम	कुल क्षेत्रफल (हेक्टे.) के तहत फार्मों की संख्या						फार्म का क्षेत्रफल	
		0 - 2.00	2.01 - 5.00	5.01 - 10.00	10.01 - 40.00	40-01 से अधिक	योग	टीएफए (हेक्टे.)	डब्ल्यूएसए (हेक्टे.)
1	पश्चिम बंगाल	1,880	165	6	0	0	**2,051**	2,273	1,525
2	ओडिशा	5,028	419	27	10	0	**5,484**	7,080	4,543
3	आंध्र प्रदेश	14,754	1,047	120	52	9	**15,982**	23,252	16,455
4	तमिलनाडु	899	630	131	19	1	**1,680**	4,963	3,428
5	पुदुच्चेरी	5	1	0	0	0	**6**	22	16
6	केरल	701	165	15	4	0	**885**	1,729	1,166
7	कर्नाटक	258	41	2	2	0	**303**	408	315
8	गोवा	19	14	1	2	0	**36**	117	85
9	महाराष्ट्र	91	112	23	18	6	**250**	1,996	1,251
10	गुजरात	140	603	8	1	2	**754**	3,436	2,451
11	दमन और दीव	0	12	0	0	0	**12**	60	38
12	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	3	1	0	0	0	**4**	22	5
	योग	**23,778**	**3,210**	**333**	**108**	**18**	**27,447**	**45,358**	**31,278**



चित्र-1 दिसंबर 2005 से मार्च 2014 तक सभी तटीय राज्यों में पंजीकृत फार्मों की संख्या (राज्य-वार)



चित्र-2 दिसंबर 2005 से मार्च 2014 तक सभी तटीय राज्यों में पंजीकृत फार्मों की संख्या (क्षेत्र-वार)

- वर्ष के दौरान (अप्रैल, 2013 से मार्च, 2014) प्राधिकरण ने 1329 आवेदनों पर विचार किया और अनुमोदन किया। पंजीकरण प्रमाण-पत्र किसानों को सीधे जारी किए गए थे और सुपुर्द न किए जाने के कारण वापस लौटे प्रमाण-पत्रों को किसानों को जारी किए जाने के लिए राज्यों के एसएलसी के सदस्य संयोजकों को भेज दिया गया था।

- सभी 12 तटीय राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों में अप्रैल, 2013 से मार्च, 2014 के दौरान प्राधिकरण में पंजीकृत फार्मों की कुल संख्या दर्शाने वाला विवरण तालिका 3 में दिया गया है। प्राधिकरण के पास पंजीकृत फार्मों (राज्यवार और क्षेत्रवार) के ब्यौरे को दर्शाने वाली सारिणी चित्र 3 और 4 में दी गई है।

तालिका 3: चालू वर्ष के दौरान सीएए द्वारा जारी किए गए पंजीकरण प्रमाण पत्रों के ब्यौरे (अप्रैल 2014 - मार्च 2014)

क्र.सं.	राज्यों के नाम	कुल क्षेत्रफल (हेक्टे.) के तहत फार्मों की संख्या						फार्म का क्षेत्रफल	
		0 - 2.00	2.01 - 5.00	5.01 - 10.00	10.01 - 40.00	40-01 से अधिक	योग	टीएफए (हेक्टे.)	डब्ल्यूएसए (हेक्टे.)
1	पश्चिम बंगाल	162	0	0	0	0	**162**	139	84
2	ओडिशा	681	0	0	0	0	**681**	775	490
3	आंध्र प्रदेश	206	32	5	4	0	**247**	612	425
4	तमिलनाडु	13	33	3	0	0	**49**	489	152
5	पुदुच्चेरी	0	0	0	0	0	**0**	0	0
6	केरल	125	1	0	1	0	**127**	237	123
7	कर्नाटक	2	1	0	0	0	**3**	7	5
8	गोवा	0	0	0	0	0	**0**	0	0
9	महाराष्ट्र	11	0	0	0	0	**11**	14	10
10	गुजरात	1	48	0	0	0	**49**	227	167
11	दमन और दीव	0	0	0	0	0	**0**	0	0
12	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0	0	0	0	0	**0**	0	0
	योग	**1,201**	**115**	**8**	**5**	**0**	**1,329**	**2,500**	**1,456**



चित्र-3 वर्ष 2013-14 सभी तटीय राज्यों में पंजीकृत फार्मों की संख्या (राज्य-वार)



चित्र-4 वर्ष 2013-14 सभी तटीय राज्यों में पंजीकृत फार्मों की संख्या (क्षेत्र-वार)

- मार्च, 2014 तक पंजीकृत फार्मों (27,447) का कुल क्षेत्रफल 45,358 हेक्टेयर था और जल प्रभावित क्षेत्र 31,278 हेक्टेयर था और चालू वर्ष के दौरान पंजीकृत फार्मों (1,329) का कुल क्षेत्रफल और जल प्रभावित क्षेत्र क्रमश: 2,500 हेक्टेयर और 1,456 हेक्टेयर था जैसा तालिका 2 और 3 में प्रस्तुत किया गया है और चित्र 5 और 6 में दर्शाया गया है।



चित्र-5 दिसंबर, **2005** से मार्च, 2014 तक पंजीकृत फार्मों (राज्य–वार) का कुल क्षेत्रफल और डब्ल्यूएसए कुल फार्म क्षेत्रफल (हेक्टे), जल प्रभावित क्षेत्र (हेक्टे.)



चित्र-6 वर्ष 2013-14 के दौरान पंजीकृत फार्मों (राज्य–वार) का कुल क्षेत्रफल और डब्ल्यूएसए कुल फार्म क्षेत्रफल (हेक्टे), जल प्रभावित क्षेत्र (हेक्टे.)

3. झींगा फार्मों के पंजीकरण का नवीनीकरण

- प्राधिकरण द्वारा तटीय एक्वाफार्मों के पंजीकरण के अनुमोदन की अवधि समाप्त होने के बाद पंजीकरण का नवीकरण अनिवार्य है। सितंबर, 2012 के दौरान शुरू हुई 5 वर्ष की अवधि समाप्त होने के बाद पंजीकरणों का नवीकरण शुरू किया गया था और 2013-14 तक 1,037.5 हेक्टेयर के कुल क्षेत्रफल (डब्ल्यूएसए 756.83 हेक्टेयर) सहित 381 फार्मों के पंजीकरण के नवीकरण को अनुमोदित किया गया।
- वर्ष के दौरान प्राधिकरण ने 1,050.83 हेक्टेयर के कुल क्षेत्रफल (डब्ल्यूएसए 730.46 हेक्टेयर) सहित 362 फार्मों के पंजीकरण के नवीकरण के आवेदनों पर विचार किया और सभी 362 फार्मों को अनुमोदित कर दिया। प्राधिकरण के अनुमोदन के बाद फार्मों के मूल पंजीकरण प्रमाण–पत्रों में आवश्यक पृष्ठांकन किए गए थे।
- सभी 12 तटीय राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों में मार्च, 2014 तक प्राधिकरण में नवीकृत किए गए फार्मों के पंजीकरण की कुल संख्या दर्शाने वाला विवरण तालिका 4 में दिया गया है और चालू वर्ष (अप्रैल, 2013 से मार्च, 2014) के दौरान नवीकृत फार्मों के राज्यवार और क्षेत्रवार ब्यौरे तालिका 5 में दर्शाए गए हैं। वर्ष के पंजीकरण के नवीकरण के राज्यवार और क्षेत्रवार ब्यौरे चित्र 7 और 8 में दिए गए हैं।
- किसानों को अवधि समाप्त होने की तारीख से बहुत पहले ही पंजीकरण का नवीकरण करवाए जाने की जरूरत के संबंध में सार्वजनिक सूचना और साथ ही एसएलसी/डीएलसी के जरिए नवीकरण करने की सलाह दी गई है क्योंकि बगैर नवीकरण के फार्मिंग के कार्यकलापों को जारी रखना अनाधिकृत गतिविधि मानी जाएगी और इस अपराध के लिए दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

तालिका 4 सितंबर, 2012 से मार्च, 2014 के दौरान सीएए द्वारा जारी पंजीकरण के नवीकरण प्रमाणपत्रों के ब्यौरे

क्र.सं.	राज्यों के नाम	कुल क्षेत्रफल (हेक्टे.) के तहत फार्मों की संख्या					
		0 - 2.00	2.01 - 5.00	5.01 - 10.00	10.01 - 40.00	40-01 से अधिक	योग
1	पश्चिम बंगाल	0	0	0	0	0	**0**
2	ओडिशा	43	2	0	0	0	**45**
3	आंध्र प्रदेश	6	0	0	0	0	**6**
4	तमिलनाडु	190	12	0	0	0	**202**
5	पुदुच्चेरी	0	0	0	0	0	**0**
6	केरल	11	0	0	0	0	**11**
7	कर्नाटक	13	5	0	0	0	**18**
8	गोवा	0	0	0	0	0	**0**
9	महाराष्ट्र	25	0	0	0	0	**25**
10	गुजरात	4	60	0	0	1	**65**
11	दमन और दीव	0	9	0	0	0	**9**
12	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0	0	0	0	0	**0**
	योग	**292**	**88**	**0**	**0**	**1**	**381**

तालिका 5 अप्रैल, 2013 से मार्च, 2014 के दौरान सीएए द्वारा जारी पंजीकरण के नवीकरण प्रमाणपत्रों के ब्यौरे

क्र.सं.	राज्यों के नाम	कुल क्षेत्रफल (हेक्टे.) के तहत फार्मों की संख्या					
		0 - 2.00	2.01 - 5.00	5.01 - 10.00	10.01 - 40.00	40-01 से अधिक	योग
1	पश्चिम बंगाल	0	0	0	0	0	**0**
2	ओडिशा	43	2	0	0	0	**45**
3	आंध्र प्रदेश	1	0	0	0	0	**1**
4	तमिलनाडु	176	12	0	0	0	**188**
5	पुदुच्चेरी	0	0	0	0	0	**0**
6	केरल	11	0	0	0	0	**11**
7	कर्नाटक	13	5	0	0	0	**18**
8	गोवा	0	0	0	0	0	**0**
9	महाराष्ट्र	25	0	0	0	0	**25**
10	गुजरात	4	60	0	0	1	**65**
11	दमन और दीव	0	9	0	0	0	**9**
12	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0	0	0	0	0	**0**
	योग	**273**	**88**	**0**	**0**	**1**	**362**



चित्र-7 सितम्बर 2012 से मार्च 2014 तक सभी तटीय राज्यों में फार्मों की पंजीकरण के नवीनीकरण की जंयया (राज्य–वार)



चित्र-8 सितम्बर 2012 से मार्च 2014 तक सभी तटीय राज्यों फार्मों के पंजीकरण के नवीनीकरण की संख्या (क्षेत्र–वार)

- 12 तटीय राज्यों और संघ शाषित प्रदेशों में से 7 राज्यों (उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र और गुजरात) में प्राधिकरण में झींगा फार्मों का पंजीकरण और पंजीकरण का नवीकरण दोनों कार्य किए गए और अकेले पंजीकरण का कार्य पश्चिम बंगाल में और अकेले नवीकरण का कार्य दमन और दीव में किया गया। क्षेत्र–वार ब्यौरे चित्र 9 से 17 में दिए गए हैं।

ओडिशा



क्षेत्रफल (हेक्टेयर)	पंजीकृत फार्मों की संख्या	नवीकृत किए गए पंजीकरण की संख्या
0 - 2.00	681	43
2.01 - 5.00	0	2
5.01 - 10.00	0	0
10.01- 40.00	0	0
40.01 से अधिक	0	0

आंध्र प्रदेश



क्षेत्रफल (हेक्टेयर)	पंजीकृत फार्मों की संख्या	नवीकृत किए गए पंजीकरण की संख्या
0 - 2.00	206	1
2.01 - 5.00	32	0
5.01 - 10.00	5	0
10.01- 40.00	4	0
40.01 से अधिक	0	0

तमिलनाडु



क्षेत्रफल (हेक्टेयर)	पंजीकृत फार्मों की संख्या	नवीकृत किए गए पंजीकरण की संख्या
0 - 2.00	13	176
2.01 - 5.00	33	12
5.01 - 10.00	3	0
10.01- 40.00	0	0
40.01 से अधिक	0	0

केरल



क्षेत्रफल (हेक्टेयर)	पंजीकृत फार्मों की संख्या	नवीकृत किए गए पंजीकरण की संख्या
0 - 2.00	125	11
2.01 - 5.00	1	0
5.01 - 10.00	0	0
10.01- 40.00	1	0
40.01 से अधिक	0	0

कर्नाटक



क्षेत्रफल (हेक्टेयर)	पंजीकृत फार्मों की संख्या	नवीकृत किए गए पंजीकरण की संख्या
0 - 2.00	2	13
2.01 - 5.00	1	5
5.01 - 10.00	0	0
10.01- 40.00	0	0
40.01 से अधिक	0	0

महाराष्ट्र



क्षेत्रफल (हेक्टेयर)	पंजीकृत फार्मों की संख्या	नवीकृत किए गए पंजीकरण की संख्या
0 - 2.00	11	25
2.01 - 5.00	0	0
5.01 - 10.00	0	0
10.01- 40.00	0	0
40.01 से अधिक	0	0

गुजरात



क्षेत्रफल (हेक्टेयर)	पंजीकृत फार्मों की संख्या	नवीकृत किए गए पंजीकरण की संख्या
0 - 2.00	1	4
2.01 - 5.00	48	60
5.01 - 10.00	0	0
10.01- 40.00	0	0
40-00 से अधिक	0	1

पश्चिम बंगाल



क्षेत्रफल (हेक्टेयर)	पंजीकृत फार्मों की संख्या	नवीकृत किए गए पंजीकरण की संख्या
0 - 2.00	162	0
2.01 - 5.00	0	0
5.01 - 10.00	0	0
10.01- 40.00	0	0
40.01 से अधिक	0	0

दमन और दीव



क्षेत्रफल (हेक्टेयर)	पंजीकृत फार्मों की संख्या	नवीकृत किए गए पंजीकरण की संख्या
0 - 2.00	0	0
2.01 - 5.00	0	9
5.01 - 10.00	0	0
10.01- 40.00	0	0
40.01 से अधिक	0	0

4. सीएए द्वारा अक्वाफार्मों के पंजीकरण/नवीकरण को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयास:

- पंजीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए विभिन्न तटीय राज्यों के जिला कलेक्टरों, मत्स्यपालन सचिवों को पत्र भेजे गए थे।
- तटीय जलकृषि फार्मों को सीएए में पंजीकृत कराने की आवश्यकता के संबंध में समाचार–पत्रों में सार्वजनिक सूचना जारी की गई थी।
- झींगाओं (पी. मोनोडान, एसपीएफ एल. वेन्नामई), पंख वाली मछलियों और केकड़ों का पालन करने के लिए अक्वाफार्मों के पंजीकरण/नवीकरण के संबंध में किसानों को जागरूक बनाने के लिए अधिकांश तटीय राज्यों में नियमित अंतराल पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

- कार्यशालाएं आयोजित करना और सीएए में तटीय जलकृषि फार्मों के पंजीकरण/नवीकरण के महत्व को बताने वाली तटीय जलकृषि से जुड़ी प्रदर्शनियों में भागीदारी करना।
- तटीय जलकृषि करने के लिए फार्मों के पंजीकरण की जरूरत पर जोर देते हुए जलकृषकों और संबद्ध पणधारकों को स्थानीय भाषाओं में तैयार किए गए ब्रोशर्स और हैंडआउट्स का वितरण। किसानों का ध्यान सीएए में फार्मों का पंजीकरण नहीं होने की स्थिति में दंड/जुर्माने के प्रावधान की ओर भी आकर्षित किया जाता है।
- निरीक्षण दल द्वारा बगैर अनुमोदन वाले फार्मों से स्टॉक को नष्ट करना/निबटान करना।
- किसानों को अग्रणी समाचार-पत्रों में सार्वजनिक सूचना, सीएए की वेबसाइट और साथ ही एसएलसी/डीएलसी के जरिए फार्म के पंजीकरण/नवीकरण की आवश्यकता और पंजीकरण नहीं करवाए जाने की स्थिति में इसके परिणामों के बारे में सलाह दी गई है।
- फार्मों के पंजीकरण के संबंध में सीएए निगरानी दल द्वारा भी क्षेत्र के अपने दौरों के दौरान फार्मों के पंजीकरण के संबंध में जागरूकता लायी जाती है।
- किसानों/पणधारकों द्वारा सीएए की अधिसूचित संविधियों, नियमों, दिशानिर्देशों और विनियमनों का अनुपालन सुसाध्य बनाने के लिए वर्ष 2006 में सीएए द्वारा सीएए अधिनियम, नियम, दिशानिर्देशों और अधिसूचनाओं के द्विभाषी रूप (हिन्दी एवं अंग्रेजी) में प्रकाशित संग्रह को सुलभ संदर्भ के लिए मार्च, 2014 तक अद्यतन बनाया गया था और तब से नियमों और दिशा-निर्देशों में अनेक संशोधन किए गए हैं और साथ ही अनेक नई सूचनाएं जारी की गई थीं। संग्रह का अद्यतित संस्करण किसानों/पणधारकों द्वारा उपयोग के लिए सीएए की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

III. ख. एसपीएफ लिटोपेनियस वेन्नामई पालन

(i) एसपीएस एल. वेन्नामई ब्रूड स्टॉक आपूर्तिकर्ताओं का चयन

सीएए में सीआईबीए, एनएफडीबी और एमपीईडीए जैसे अन्य संबद्ध संगठनों के परामर्श से संभावित आपूर्तिकर्ताओं के साथ गहन विचार-विमर्श करके अनुवांशिक और रोग की स्थिति के आधार पर एसपीएस एल. वेन्नामई ब्रूड स्टॉक की आपूर्तिकर्ताओं की सूची बनाने और चयन का कार्य कर लिया है। एसपीएस एल. वेन्नामई के ब्रूड स्टॉक की आपूर्ति हेतु वर्ष 2013-14 के लिए निम्नलिखित नौ आपूर्तिकर्ताओं जिन्हें वर्ष 2011-12 के लिए सूचीबद्ध किया गया था, को चयन-सूची में रखा गया है

1. मै. औसैनिक इंस्टीट्यूट, हवाई
2. मै. कोना बे मेरिन रिसोर्सेज, हवाई
3. मै. श्रिम्प इंप्रूवमेंट सिस्टम, फ्लोरिडा
4. मै. साइक्वा, थाईलैंड
5. मै. वेन्नामई 101 कं.लि. (के साथ संयुक्त उद्यम) थाईलैंड
6. मै. चेरियन पोकफंड फ्रूड्स पबलिक कं. लि., थाईलैंड
7. मै. श्रिम्प इंप्रवमेंट सिस्टम प्रा. लि., सिंगापुर
8. मै. श्रिम्प इंप्रूवमेंट सिस्टम प्रा. लि., हवाई
9. मै. हाई हैल्थ अक्वाकल्चर इंक, हवाई

वर्ष 2012-13 के दौरान अर्ली मोर्टलिटी सिंड्रोम (ईएमएस)/ एक्यूट हेपाटोपैंक्रिएटिक नेक्रोसिस सिंड्रोम (एएचपीएनएस) फैलने के कारण दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों से ब्रूडस्टॉक का आयात परमिट जारी नहीं किए गए थे और दिनांक 29.01.2013 की सार्वजनिक सूचना के आधार पर एसपीएफ एल. वेन्नामई हैचरी प्रचालकों को तदनुसार सलाह दी गई थी।

(ii) एआईएसएचए के अधिकारियों के साथ झींगा हैचरियों के संबंध में बैठक

आल इंडिया श्रिम्प हैचरीज एसोएिसशन (एआईएसएचए) के पदाधिकारियों के साथ श्री जस्टिस के. रविराजा पांडियन, अध्यक्ष, सीएए की अध्यक्षता में दिनांक 20 अगस्त, 2013 को चेन्नै में सीएए द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें परिसंघ और हैचरियों के प्रचालन, कतिपय स्थलों पर स्थित एसपीएफ एल. वेन्नामई हैचरियों में प्रजनन संबंधी समस्याओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया था। हैचरियों को किसानों द्वारा अपने फार्मों का सीएए में पंजीकरण करवाने के लिए प्रेरित करने और सीएए में पंजीकरण नहीं करवाने वाले फार्मों को बीजों की आपूर्ति नहीं करने हेतु स्थानीय प्राधिकारियों के साथ मिलकर संयुक्त अभियान चलाने को कहा गया था।

(iii) ब्रूड स्टॉक के आयात पर तकनीकी मूल्यांकन समिति की बैठकें

तकनीकी मूल्यांकन समिति ने दिनांक 21 मार्च, 2014 को हैचरी प्रचालकों के साथ बैठक की थी और ब्रूड स्टॉक के आयात विशेष तौर पर वार्षिक आवश्यकता, ब्रूड स्टॉक की गुणवत्ता, अवशेष दरों आदि से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया था। एक से अधिक फसलों और शुद्ध जल/जमीनी फार्मों में एसपीएफ एल. वेन्नामई बीजों की संभावित मांग के कारण जैसा हैचरी प्रचालकों द्वारा अनुरोध किया गया है वर्ष 2014-15 के लिए ब्रूड स्टॉक की सीमा में 50% वृद्धि करने का निर्णय लिया गया था। रुचि की अभिव्यक्ति मांगकर एसपीएफ ब्रूड स्टॉक के आयात का नया स्रोत तलाश करने की संभावनाएं खोजने पर भी सहमति हुई थी। हैचरियों को तटीय जलकृषि फार्मों खासतौर से एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन के पंजीकरण की प्रक्रिया को पूरा करने को कहा गया था और गैर अनुमोदन वाले फार्मों को बीजों की बिक्री नहीं करने को कहा गया था।

(iv) वर्ष 2013-14 में एसपीएफ एल. वेन्नामई ब्रूड स्टॉक का आयात और बीज उत्पादन

- कृषि मंत्रालय द्वारा अधिसूचित दिशा-निर्देशों के अनुसार तटीय जलकृषि प्राधिकरण को एसपीएफ एल. वेन्नामई ब्रडस्टॉक का आयात करने और बिक्री के लिए पोस्ट लार्वा (पीएल) का उत्पादन करने के लिए हैचरियों को अनुमति प्रदान करने का कार्य सौंपा गया था तटीय जलकृषि प्राधिकरण सीएए द्वारा अनुमोदित फार्मों को बिक्री के लिए एसपीएफ एल. वेन्नामई ब्रूड स्टॉक का आयात करने और पोस्ट लार्वा (पीएल) का उत्पादन करने के लिए हैचरियों को निरंतर अनुमति प्रदान कर रहा है।

हैचरियों का निरीक्षण

- वर्ष 2013-14 के दौरान नए पंजीकरण जारी करने के लिए हैचरी प्रचालकों से 66 आवेदन प्राप्त हुए थे। आवेदनों की समीक्षा करने के बाद सीएए द्वारा गठित निरीक्षण दल ने उनकी सुविधाओं का मूल्यांकन करने और उनकी उपयुक्तता का पता लगाने के लिए हैचरियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण समिति की सिफारिशों के आधार पर प्राधिकरण द्वारा (45वीं बैठक में) वर्ष 2014-15 के लिए 44 नई हैचरियों (36 आंध्रप्रदेश में और 8 तमिलनाडु में) ब्रूड स्टॉक के आयात और एसपीएफ एल. वेन्नामई के बीज उत्पादन के लिए अनुमोदन प्रदान किया गया था और एलओपीज जारी किए गए थे।
- चालू वर्ष के दौरान प्राधिकरण की 19.03.2013 को हुई 40वीं बैठक में अनुमोदित 13 हैचरियों के लिए एलओपीज जारी किए गए थे।
- हैचरियों को अनुमति प्रदान करने के लिए गठित समिति की सिफारिशों के अनुसार 2012-13 के दौरान अनुमोदित 105 हैचरियों में 104 हैचरियों के लिए अनुमति-पत्रों का नवीकरण किया गया था।
- एसपीएफ एल. वेन्नामई ब्रूड स्टॉक की अनुमति मात्रा का आयात करने और एसपीएफ एल. वेन्नामई के बीजों का उत्पादन करने के लिए वर्ष 2013-14 में 8,776 मिलियन पीएल/वार्षिक की उत्पादन क्षमता वाली 117 हैचरियों (85 आंध्र प्रदेश में, 27 तमिलनाडु में, 3 गुजरात में 1, उड़ीसा में और 1 कर्नाटक में) को अनुमति-पत्र का नवीकरण जारी किया गया था। नवीकृत अनुमति की वैधता 31.03.2014 तक है। अनुमोदित हैचरियों और उनकी उत्पादन क्षमता के राज्यवार ब्यौरे तालिका-6 में दिए गए हैं, प्रतिशत वितरण चित्र 18 में और जिलावार वितरण चित्र 19 में दर्शाया गया है।



चित्र-18 : 2013-14 के दौरान
एल. वेन्नामई हैचरियों का राज्यवार वितरण



चित्र-19 : अनुमति प्राप्त एल. वेन्नामई हैचरियों का जिलावार
वितरण चित्र नीले रंग में: हैचरियों की संख्या

तालिका 6 सीएए द्वारा अनुमोदित एसपीएफ एल. वेन्नामई हैचरियों का राज्य–वार वितरण

क्र.सं.	राज्य / जिले का नाम	मौजूदा हैचरियों की संख्या (नवीकृत)	उत्पादन क्षमता (मिलियन/ वार्षिक)	45वीं बैठक में अनुमोदित हैचरियों की संख्या	उत्पादन क्षमता (मिलियन/ वार्षिक)	हैचरियों की कुल संख्या	कुल उत्पादन क्षमता (मिलियन/ वार्षिक)
1	आंध्र प्रदेश						
	क) विजियनगरम	05	470	02	250	07	720
	ख) नेल्लौर	26	2,053	07	570	33	2,623
	ग) विशाखापत्तनम	08	548	07	440	15	988
	घ) पूर्व गोदावरी	28	1,797	19	1,312	47	3,109
	ड़.) गुंटूर	04	283	01	30	05	313
	च) प्रकाशम	13	1,000	-	-	13	1,000
	छ) श्रीकाकुलम	01	140	-	-	01	140
